'डिजिटल नवाचार से समाज में बदलाव आएगा'

रांची | हिन्दुस्तान ब्यूरो

अमेरिका के महावाणिज्य दूतावास के अमेरिकी अध्यक्ष डेनियल डेविड कास्त्रो ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) डिजिटल नवाचार की अगली लहर होगी। यह अर्थव्यवस्था और समाज के माध्यम से महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। कास्त्रो गुरुवार को आईआईएम में व्याख्यान दे रहे थे।

आईआईएम के छात्रों और शिक्षाविदों के लिए आर्टिफिशियल इंटलिजेंस में पर्सनैलिटी इंटेलिजेंस के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व और सरकार में एआई का उपयोग करने के अवसर' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया था। इसमें अमेरिका के महावाणिज्य दूतावास के अमेरिकी अध्यक्ष मुख्य वक्ता थे। कोलकाता अमेरिकी केंद्र के उप निदेशक कृष दास ने विषय प्रवेश कराया।

कास्त्रो ने स्लाइड के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में ग्लोबल लीडरशिप के लिए डाटा इनोवेशन पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अधिकांश देश आर्थिक और सामाजिक नवाचार के रूप को सक्षम करने के लिए डेटा और एनालिटिक्स का उपयोग करना चाह रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय डिजिटल ट्रांफॉर्मेशन के बारे में बताया और अगले पांच वर्ष में किस तरह से बदलाव आएगा, इसकी व्याख्या की। उन्होंने किस तरह से हमारे जीवन में डाटा के नवाचार प्रवेश कर रहा इस पर प्रकाश डाला।

गुरुवार को आईआईएम में व्याख्यान देते अमेरिका के डेनियल डेविड कास्त्रो।

Hindustan, 01.11.2019, Pg. 02 (supl.)